(ख) संक्षिप्त नोट सभा पटल पर रखा गया है। [पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या L.T.—1980/68].

**राजधानी में पकड़ी गई जाली फाइलें.**

6610. **श्री निहाल सिंह** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजधानी में लगभग 20 हजार जाली फाइलें पाई गई हैं जैसा कि 26 अप्रैल, 1968 को हिन्दुस्तान टाइम्स में समाचार प्रकाशित हुआ है ; और

(ख) यदि हां, तो उच्चाधिकारियों के विरुद्ध कितने मामलों का पता लगा है और इन अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल)** : (क) दिल्ली नगर निगम के नई दिल्ली दक्षिण क्षेत्र में बड़ी संख्या में फाइलों का एक ढेर मिला है जिन पर कार्यवाही लम्बित है। तथापि यह फाइलें जाली नहीं हैं।

(ख) दिल्ली नगर निगम ने सूचित किया है कि क्षेत्र के कुछ विभागों के अधिकारियों द्वारा इन मामलों के बारे में कुछ अनियमिततायें / असंगतियां बढ़ती गई थी और यह भी, कि आयुक्त, दिल्ली नगर निगम इस मामले में जांच कर रहे हैं।

**PROMOTION OF FAILED STUDENTS IN DELHI UNIVERSITY**

6611. SHRI K. M. KOUSHIK:
SHRI S. P. RAMAMOORTHY:
SHRI D. N. DEB:
SHRI R. K. SINHA:
SHRI CHITTY BABU:

Will the Minister of EDUCATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the University of Delhi has decided to promote nearly 2,500 students who failed in Part I of B.A. classes to the next higher class;

(b) whether the decision is unacademic; and

(c) whether in pursuance of this policy, the standard of education would not degenerate?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EDUCATION (SHRI BHAGWAT JHA AZAD): (a) According to a recent amendment in the University Ordinances, candidates who failed or failed to appear in the Part I Examination held in 1968, May, at their option, proceed to the next higher class and appear in the papers prescribed for the Part I and Part II Examinations simultaneously, in 1969, if otherwise eligible. The number of such students is likely to be about 2,500.

(b) The decision has been taken by the Academic Council of the University, which consists of eminent educationists, and has been confirmed by the Executive Council of the University.

(c) No, Sir; in view of the position stated in reply to part (a) of the question.

**सड़कों के निर्माण के लिए मध्य प्रदेश सरकार को अनुदान**

6612. **श्री यशवन्त सिंह कुशवाह** : क्या **परिवहन तथा नौवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के डाकुओं के आतंक से पीड़ित क्षेत्रों में डाकुओं के आतंक